कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ **एसीबी में प्रथम महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) सम्मान समारोह गुरुवार को होगा आयोजित**

जयपुर, *20 दिसम्बर,* मंगलवार / **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो** मुख्यालय परिसर में **गुरुवार, 22 दिसंबर 2022 को प्रातः 10 बजे प्रथम महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) सम्मान समारोह** आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान एसीबी के 47 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर **महानिदेशक एसीबी श्री भगवान लाल सोनी** चुने गए 47 पुलिस एवं अन्य सेवाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीजी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो–टॉलरेंस की नीति के अनुरूप एसीबी के इतिहास में पहली बार भ्रष्टाचारी लोकसेवकों पर सर्वाधिक कार्यवाहियाँ की गई है। राजस्थान एसीबी को इस मुकाम पर पहुँचाने में एसीबी के अधिकारियों/कर्मचारियों का मुख्य योगदान रहा है। एसीबी के अधिकारियों तथा अन्य सेवाओं के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए असाधारण कार्य प्रदर्शन, विशिष्ट कर्त्तव्यपरायणता तथा सराहनीय कार्य के फलस्वरुप डीजी डिस्क व प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

महानिदेशक एसीबी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को होने वाले सम्मान समारोह के दौरान **20 आरपीएस, चार पुलिस निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल, 11 कांस्टेबल को डीजी डिस्क एवं 10 अन्य सेवाओं के अधिकारी एवं कर्मचारियों को डीजी प्रशस्ति पत्र** से सम्मानित किया जाएगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।